# HAMIRPUR POLICE

यातायात **दिनांक 13.11.2022**

## यातायात जनजागरूकता माह नवंबर वर्ष-2022

## ई-रिक्शा रैली

**आज दिनांक 13.11.2022 को यातायात जनजागरूकता माह नवम्बर के अंतर्गत पुलिस लाइन हमीरपुर के परेड ग्राउंड में पुलिस अधीक्षक हमीरपुर की उपस्थिति में मुख्य अतिथि श्रीमान जिलाधिकारी महोदय द्वारा ई रिक्शा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, ई रिक्शा रैली हमीरपुर कस्बे से सुमेरपुर तक निकाली गई जिसके अंतर्गत जागरूकता रैली द्वारा कस्बा हमीरपुर में वाहन चालकों एवं जनता के लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया एवं उनसे अपेक्षा की आप अपने परिवार/आस-पड़ोस में भी यातायात के नियमों से उनको अवगत कराएंगे, यह भी बताया गया कि जनपद के विभिन्न विद्यालयों/ सार्वजनिक स्थानों में इसी तरह के जागरूकता शिविर आगे भी आयोजित करेंगे जिससे जनमानस में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता आ सके एवं दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सदर, एसडीएम सदर, क्षेत्राधिकारी लाइन/ट्रैफिक एआरटीओ प्रवर्तन, ए0आर0टी0ओ0 प्रशासन हमीरपुर, प्रतिसार निरीक्षक, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सदर,प्रभारी निरीक्षक सुमेरपुर, यातायात प्रभारी हमीरपुर, व अन्य संबंधी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।**




डॉ. चन्द्र भूषण
यातायात के नियमों का पालन करें-
नशे की हालत में वाहन न चलायें।
वाहन को ओवर स्पीड से न चलायें।
संजय मिश्र


नवम्बर-2022
जीवन अमूल्य है, व्यर्थ न गवायें
।। आपकी सुरक्षा, संकल्प ।।
डॉ. चन्द्र भूषण
यातायात के नियमों का पालन करें-
नशे की हालत में वाहन न चलायें।
वाहन को ओवर स्पीड से न चलायें।
सड़क पर सदैव बायें चलें।
वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें।